डेयर टू ड्रीम प्रतियोगिता

चर्चा में क्यों?

पिछले तीन वर्षों में रक्षा और वैमानिकी/एयरोस्पेस के क्षेत्र में नवाचार के लिये व्यक्तिगत और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये **डेयर टू ड्रीम की तीन प्रतियोगिताओं के तहत कुल 5,637 आवेदन** प्राप्त हुए हैं।

प्रतियोगिता के विषय में:

- इसे भारत के पूर्व राष्ट्रपति **डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में** शुरू किया गया था।
- **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन** (Defence Research and Development Organisation- DRDO) स्टार्ट-अप और अन्वेषकों/इनोवेटर्स को उभरती प्रौद्योगिकियों में कुछ प्रमुख चुनौतियों को हल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है जो **भारत की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा देने में मदद** कर सकते हैं।
- DRDO **वर्ष 2019 से** हर साल **इनोवेटर्स, उद्यमियों, 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों और स्टार्ट-अप को एक साथ लाने के लिये** इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।
    - **डेयर टू ड्रीम 2.0 और डेयर टू ड्रीम 3.0** को क्रमशः **2020 और 2021 में लॉन्च** किया गया था।
- प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिये चयन मानदंड **प्रस्ताव की पूर्णता, वैज्ञानिक सुदृढ़ता, डिज़ाइन पूर्णता, योग्यता, प्राप्त तकनीकी तत्परता स्तर और नवाचार** हैं।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dare-to-dream-contest